भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 821

30 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तंजावुर में आयुष महाविद्यालय

821. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की तंजावुर जिले में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण आयुष कॉलेजों की स्थापना करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। तथापि, तमिलनाडु राज्य सरकार की ओर से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) और राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए तंजावुर जिले के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****